an>

Title: Need to set up industries based on 'Lac; in Palamu, Jharkhand.

**श्री विष्णु दयाल राम (पलामू) :** उपाध्यक्ष महोदय, मैं आपके प्रति आभारी हूं कि आपने मेरे संसदीय क्षेत्र पलामू से संबंधित एक अत्यन्त महत्वपूर्ण विषय को सदन में उठाने का मौका मुझे दिया है।

महोदय, पलामू की पहचान पलाश, लाह और महुआ के उत्पादन से होती है। पलाश के फूल से गुलाल बनता है और लाह से चूड़ियां बनती हैं। महुआ के उत्पादन का क्या उपयोग होता है, यह सर्वविदित है। दुर्भाग्य यह है कि आज तक पलाश, लाह और महुआ जैसे रोजगारपरक उत्पादों पर आधारित किसी प्रकार की औद्योगिक इकाई की स्थापना की प्रशासनिक स्तर पर कोई कार्य योजना नहीं है।

भारत सरकार के लघु, सूक्ष्म और मध्यम उद्यम मंत्रालय ने जुलाई, 2016 में एक रिपोर्ट प्रकाशित की है। इसमें बताया गया है कि पलामू जिले की 12 लाख से ज्यादा आबादी के बीच केवल 300 छोटी-छोटी औद्योगिक इकाइयां हैं और इन इकाइयों में भी वÂर्ष 2000 से लेकर 2016 के बीच केवल 19 करोड़ रुपए का निवेश हुआ है और मात्र 5,893 व्यक्तियों को रोजगार मिला है। इस रिपोर्ट में आगे यह कहा गया है कि कृÂिष आधारित उद्योगों में वहां पर अपार संभावनाएं हैं। इसके तहत बागवानी, पशुपालन, मत्स्यपालन और खाद्य प्रसंस्करण के क्षेत्र में जिले में जबरदस्त संभावनाएं हैं।

मैं आपके माध्यम से इस रिपोर्ट पर गौर करने का अनुरोध माननीय मंत्री जी से करना चाहता हूं और इसके साथ-साथ यह भी निवेदन करना चाहता हूं कि जिले में दुग्ध उत्पादन, मत्स्य पालन और फूड प्रोसेसिंग की अपार संभावनाएं हैं, तो इस दिशा में केन्द्रीय सरकार के स्तर से भी इस जिले की आर्थिक स्थिति को सम्पन्न बनाने की आवश्यकता है और कार्रवाई करने की आवश्यकता है।

HON. DEPUTY-SPEAKER: Shri Bhairon Prasad Mishra and Kunwar Pushpendra Singh Chandel are permitted to associate with the issue raised by Shri Vishnu Dayal Ram.